OCTOBER – 2024 (JUL. - SEP. 2024)
Vol. SHQ-BSGUP -014

# BHARAT SCOUT & GUIDE
## UTTAR PRADESH

# "तेजल"
त्रैमासिक पत्रिका








State Headquarters : Gole Market, Mahanagar, Lucknow
www.bsgup.org

# भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश

!! मुख्य संरक्षक !!



**श्रीमती आनन्दी बेन पटेल**
महामहिम राज्यपाल
उत्तर प्रदेश

!! उप मुख्य संरक्षक !!



**श्री योगी आदित्यनाथ**
माननीय मुख्यमन्त्री
उत्तर प्रदेश

!! प्रादेशिक अध्यक्ष !!



**डा० महेन्द्र सिंह**
पूर्व कैंबिनेट मंत्री "जल शक्ति"
उत्तर प्रदेश सरकार

!! प्रादेशिक मुख्यायुक्त !!



**डॉ० प्रभात कुमार** आई०ए०एस० (से०नि०)
पूर्व अध्यक्ष,
लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश

## संपादक मण्डल

### ❑ संरक्षक
**डॉ० महेन्द्र सिंह**
अध्यक्ष
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

### ❑ मुख्य सम्पादक
**डॉ० प्रभात कुमार IAS (Rtd.)**
प्रादेशिक मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

### ❑ सलाहकार
**ललिता प्रदीप**
प्रादेशिक आयुक्त (गाइड)
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**डॉ० राजेश मिश्रा**
प्रादेशिक आयुक्त (स्काउट)
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**आलोक कुमार अग्रवाल**
प्रादेशिक कोषाध्यक्ष
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

### ❑ सम्पादक
**आनन्द सिंह रावत**
प्रादेशिक सचिव
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

### ❑ डिज़ाइन एवं तकनीक
**अदनान हाशमी**
सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (आई०टी०)
**सूरज कुमार** - आई०टी० सहायक
**ज्योति** - आई०टी० सहायक
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**"Leave this world a little better than you found it."**

*- Lord Robert Baden-Powell*



## CONTENTS – अनुक्रमणिका

❖ प्रादेशिक मुख्यायुक्त की कलम से... - 2
❖ प्रादेशिक कार्यक्रम - 3
❖ बी०एस०जी० ज्ञान प्रतियोगिता 2024-25 - 08
❖ सर्वोत्तम कैडेट प्रतियोगिता 2024-25 - 09
❖ प्रादेशिक प्रशिक्षण एवं एडवेंचर केन्द्र, शीतलाखेत - 10
❖ प्रादेशिक प्रशिक्षण एवं एडवेंचर केन्द्र, प्रयागराज - 14
❖ जनपदीय कार्यक्रम - 15
❖ आई० टी० विभाग - 34
❖ बी०एस०जी० ज्ञान क्विज - 35
❖ विज्ञापन - 36



## प्रादेशिक मुख्यायुक्त की कलम से...



**डॉ० प्रभात कुमार IAS (Rtd.)**
प्रादेशिक मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

प्रिय साथियों,

आप सभी को "तेजल" के अक्टूबर 2024 अंक के प्रकाशन पर हार्दिक बधाई ! यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि हम एक नई दिशा की ओर बढ़ रहे हैं।

संस्था को आर्थिक रूप से और सशक्त बनाने हेतु प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र शीतलाखेत में एडवेंचर केन्द्र, भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश द्वारा विकसित किया गया है यह एडवेंचर केन्द्र स्काउटिंग और गाइडिंग कार्यक्रमों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होगा। यह केन्द्र ट्रेकिंग, रॉक क्लाइम्बिंग, कैम्पिंग और अन्य साहसिक गतिविधियों की मेज़बानी करेगा, जिससे बच्चों में साहस, आत्मविश्वास और जीवन कौशल विकसित होंगे। यह एडवेंचर गतिविधियाँ शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देंगी और विभिन्न कैरियर विकल्पों के लिए बच्चों को तैयार करेंगी। हमारा उद्देश्य है कि यह सेंटर सभी युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक स्थान बने, जहां वे सीखें और समाज में सकारात्मक बदलाव लाएँ।

प्रादेशिक अध्यक्ष भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री "जल शक्ति" उत्तर प्रदेश डॉ. महेंद्र सिंह जी ने भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश की प्रादेशिक परिषद की बैठक में जो विचार व्यक्त किए, वे वास्तव में प्रेरणादायक हैं। उनकी बातों में संस्था की उत्कृष्टता और एकता का महत्व स्पष्ट है। सकारात्मकता के साथ मिलकर काम करने से हम न केवल संस्था को ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं, बल्कि युवाओं में नेतृत्व और सेवा की भावना भी विकसित कर सकते है यह समय है कि हम अपने कार्यों को निष्ठा और समर्पण के साथ आगे बढ़ाएं, ताकि स्काउटिंग और गाइडिंग की मूलभूत सिद्धांतों को साकार कर सकें। एकजुट होकर काम करने से हम न केवल अपने लक्ष्यों को हासिल करेंगे, बल्कि समाज में भी एक सकारात्मक परिवर्तन ला सकेंगे।

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के प्रादेशिक मुख्यालय में नई बिल्डिंग "एनेक्सी" का उद्घाटन 22 सितंबर 2024 को डॉ. महेंद्र सिंह, माननीय प्रादेशिक अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री "जल शक्ति", उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया। इस भवन में सभी कक्ष कम्प्यूटरीकृत हैं, और एक विशेष कम्प्यूटर रूम भी स्थापित किया गया है, जो संस्था की ऑनलाइन गतिविधियों को संचालित करने में सहायक होगा। यह नई सुविधाएं संगठन को आधुनिक तकनीकी सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

मुझे विश्वास है कि आप सभी पूरी प्रतिबद्धता और उत्साह के साथ प्रदेश संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रमों, शिविरों और संगोष्ठियों को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रादेशिक प्रशिक्षण एवं एडवेंचर सेंटर की गतिविधियों से हम सभी मिलकर एक नई ऊँचाई तक पहुँचेंगे। आपके अनुभव और सुझाव हमेशा हमारे लिए मार्गदर्शक रहेंगे। आशा है कि आप सभी संगठन को नई दिशा में आगे बढ़ाने में सहयोग देंगे।

पुन: हार्दिक शुभकामनाओं के साथ |

**डॉ० प्रभात कुमार**
प्रादेशिक मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश

## प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम

### जिला स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन कार्यशाला

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यालय महानगर लखनऊ के तत्वाधान में एवं प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी के मार्गदर्शन एवं महानिदेशक स्कूल शिक्षा श्रीमती कंचन वर्मा और शिक्षा निदेशक बेसिक श्री प्रताप सिंह बघेल जी के निर्देशन में दिनांक 20 से 22 जुलाई 2024 में प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र प्रयागराज में जिला स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन कार्यशाला का आयोजन किया गया| कार्यशाला का शुभारंभ ध्वज शिष्टाचार के साथ किया गया | जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती तनुजा त्रिपाठी सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक प्रयागराज मण्डल, विशिष्ट अतिथि श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह सचिव लोक सेवा आयोग प्रयागराज, श्री डी०के० सिंह पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक देवरिया, श्री कुबेर सिंह प्रबंधक भारत स्काउट गाइड इन्टर कॉलेज प्रयागराज तथा कामिनी श्रीवास्तव प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड), हीरालाल यादव प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) सहित 105 प्रतिभागी स्काउटर गाइडर द्वारा प्रतिभाग किया गया |



### ट्रेनर्स दक्षता मूल्यांकन मीट 2024-25

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यालय महानगर, लखनऊ के तत्वाधान में प्रथम चक्र दिनांक 12 से 14 और द्वितीय चक्र 18 से 20 सितम्बर 2024 की अवधि में ट्रेनर्स दक्षता मूल्यांकन मीट प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज में आयोजित किया गया | ट्रेनर्स दक्षता मूल्यांकन मीट का संचालन प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) अरविन्द श्रीवास्तव और प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) सुश्री सितारा त्यागी ने किया |



## प्रादेशिक परिषद की बैठक एवं पुरूस्कार वितरण समारोह

भारत स्काउट और गाइड उ०प्र० की प्रादेशिक परिषद की बैठक का आयोजन प्रादेशिक मुख्यालय के तत्वाधान में दिनांक 22 सितम्बर 2024 को उ०प्र० कौशल विकास मिशन, आई०टी०आई० कैम्पस, लखनऊ में किया गया। बैठक की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष डॉ० महेन्द्र सिंह जी पूर्वमन्त्री "जलशक्ति" उ०प्र० सरकार के द्वारा की गई । इस अवसर पर प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी प्रादेशिक परिषद के सदस्यों को सम्बोधित करते कहा कि स्काउट/गाइड संस्था अध्यक्ष डॉ० महेंद्र सिंह जी के निर्देशन में अनवरत प्रगति की ओर अग्रसर है और उन्होंने पांच वर्षो की उपलब्धियों से सदन को अवगत कराया | पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम की श्रृंखला में सबसे पहले सर्वोत्तम कैडेट रैली के प्रतिभागियों को पुरूस्कृत किया गया साथ ही साथ बी०एस०जी० ज्ञान प्रतियोगिता एवं सर्वोत्तम जनपद रैली के विजेताओं को भी पुरूस्कृत किया गया। कार्यक्रम में गत वर्ष में हिमालय वुड बैज, प्री०ए०एल०टी०, ए०एल०टी० एवं एवं कोर्स को सफलता प्राप्त करने वाले ट्रेनर्स को आनरेबुल चार्ज/पार्चमेंट एवं प्रमाण पत्र वितरित किये गये। बैठक में 220 सदस्यों ने प्रतिभाग किया |



## प्रादेशिक मुख्यालय परिसर मे नवीन "एनेक्सी" का लोकार्पण

डॉ० महेन्द्र सिंह जी एवं डॉ० प्रभात कुमार जी के अथक प्रयासो से संस्था के नवीन मुख्यालय भवन "एनेक्सी" का निर्माण संस्था परिसर के अन्दर ही कराया गया नवीन भवन का लोकार्पण दिनांक 22 सितम्बर 2024 को संस्था के अध्यक्ष डॉ० महेन्द्र सिंह जी के द्वारा किया गया । नवीन भवन समस्त आधुनिक सुविधाओं एवं साज सज्जा से युक्त है । इस अवसर पर उपस्थित उपाध्यक्ष और जिला संस्थाओ के पदाधिकारियों द्वारा डॉ० प्रभात कुमार जी के नेतृत्व के इस काल को भारत स्काउट और गाइड उ०प्र० का स्वर्णिम काल कहा गया ।



# सर्वोत्तम जनपद पुरस्कार योजना



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश
जिला संस्था - आगरा
**श्रेणी "A" प्रथम पुरस्कार**



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश
जिला संस्था - मेरठ
**श्रेणी "A" द्वितीय पुरस्कार**



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश
जिला संस्था- पीलीभीत
**श्रेणी "A" तृतीय पुरस्कार**



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश
जिला संस्था - हापुड़
**श्रेणी "B" प्रथम पुरस्कार**



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश
जिला संस्था - शामली
**श्रेणी "B" द्वितीय पुरस्कार**





सर्वोत्तम जनपद पुरस्कार योजना के अन्तर्गत, जिलाधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक को भी सम्मानित किया गया।






सर्वोत्तम जनपद पुरस्कार योजना में पुरस्कृत सम्बन्धित जनपदों के सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त को सम्मानित किया गया।

## वयस्क प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र/पार्चमेंट/आनरेबुल चार्ज वितरण समारोह *स्काउट विभाग



## वयस्क प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र/पार्चमेंट/आनरेबुल चार्ज वितरण समारोह *गाइड विभाग



## एशिया पैसिफिक पुरस्कार वितरण समारोह



श्रीमती रेनू भारद्वाज जनपद आगरा और श्रीमती साधना शर्मा जनपद रायबरेली ने उत्कृष्ट कार्यों हेतु एशिया पैसिफिक एवार्ड प्राप्त किया।

# BSG ज्ञान प्रतियोगिता



**"भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में आयोजित प्रदेश स्तरीय बी०एस०जी० ज्ञान प्रतियोगिता में पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं !"**

**डॉ० प्रभात कुमार**
आई०ए०एस० (से०नि०)
प्रादेशिक मुख्यायुक्त - भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

| संवर्ग | नाम | जनपद | परिणाम | पुरस्कार | धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|
| कब | रेयांश तायल | – गाज़ियाबाद | – प्रथम | - | Rs. 5,000 |
| | अभिज्ञान प्रताप सिंह | – अम्बेडकरनगर | – द्वितीय | - | Rs. 3,000 |
| | वैवस्वत प्रताप सिंह | – लखनऊ | – तृतीय | - | Rs. 2,000 |
| बुलबुल | आर्या उपाध्याय | – अम्बेडकरनगर | – प्रथम | - | Rs. 5,000 |
| | ईवा मिश्रा | – लखनऊ | – द्वितीय | - | Rs. 3,000 |
| | अमेया त्रिपाठी | – अम्बेडकरनगर | – तृतीय | - | Rs. 2,000 |
| स्काउट | शिवांक शुक्ला | – लखीमपुर-खीरी | – प्रथम | - | Rs. 10,000 |
| | शिवा शर्मा | – लखीमपुर-खीरी | – द्वितीय | - | Rs. 7,000 |
| | हर्षित गुप्ता | – अम्बेडकरनगर | – तृतीय | - | Rs. 5,000 |
| गाइड | गुन्जन | – लखनऊ | – प्रथम | - | Rs. 10,000 |
| | आस्था सिंह | – प्रयागराज | – द्वितीय | - | Rs. 7,000 |
| | तन्नू | – शामली | – तृतीय | - | Rs. 5,000 |
| | रचना | - शामली | – तृतीय | - | Rs. 5,000 |
| रोवर | तरुन मिश्रा | – गोरखपुर | – प्रथम | - | Rs. 10,000 |
| | कोनल गुप्ता | – अम्बेडकरनगर | – द्वितीय | - | Rs. 7,000 |
| | तुषार वर्मा | – मथुरा | – तृतीय | - | Rs. 5,000 |
| रेन्जर | कु० अंशु यादव | – मेरठ | – प्रथम | - | Rs. 10,000 |
| | यशस्वी तिवारी | – महोबा | – द्वितीय | - | Rs. 7,000 |
| | जया सिंह | – बाराणसी | – तृतीय | - | Rs. 5,000 |

# सर्वोत्तम कैडेट रैली 2023 - 24



"भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में आयोजित प्रदेश स्तरीय सर्वोत्तम कैडेट रैली में पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं !"

**डॉ० प्रभात कुमार**
आई०ए०एस० (से०नि०)
प्रादेशिक मुख्यायुक्त - भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

| संवर्ग | नाम | जनपद | परिणाम | पुरस्कार धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| कब | आयुष | शाहजहांपुर | प्रथम | Rs. 10,000 |
| | आक्षांश मौर्या | मिर्ज़ापुर | द्वितीय | Rs. 7,500 |
| | अभ्यास कुमार | शाहजहांपुर | तृतीय | Rs. 5,000 |
| बुलबुल | कु० अरीबा सैफी | मेरठ | प्रथम | Rs. 10,000 |
| | कु० बानी | मेरठ | द्वितीय | Rs. 7,500 |
| | काव्या | शाहजहांपुर | तृतीय | Rs. 5,000 |
| स्काउट | अरशान | मेरठ | प्रथम | Rs. 15,000 |
| | हर्षित गुप्ता | अम्बेडकरनगर | द्वितीय | Rs. 10,000 |
| | रूद्र प्रताप गोस्वामी | मेरठ | तृतीय | Rs. 7,500 |
| गाइड | रिया चन्द्रा | गोरखपुर | प्रथम | Rs. 15,000 |
| | कु० शबनम | मेरठ | द्वितीय | Rs. 10,000 |
| | नैन्सी पाण्डेय | बस्ती | तृतीय | Rs. 7,500 |
| रोवर | अभिषेक शर्मा | आगरा | प्रथम | Rs. 15,000 |
| | अवनीश राय | गाजीपुर | द्वितीय | Rs. 10,000 |
| | नफीस मोहम्मद | हमीरपुर | तृतीय | Rs. 7,500 |
| रेन्जर | कु० ख़ुशी गुप्ता | मेरठ | प्रथम | Rs. 15,000 |
| | आयुषी मिश्रा | आगरा | द्वितीय | Rs. 10,000 |
| | सायरा | मुज़फ्फरनगर | तृतीय | Rs. 7,500 |

## एक झलक ... प्रादेशिक प्रशिक्षण एवं एडवेंचर केन्द्र, शीतलाखेत

प्रादेशिक प्रशिक्षण केंद्र, शीतलाखेत के विकास की दिशा में उठाए गए ये कदम वाकई में सराहनीय हैं। इन बुनियादी सुविधाओं का निर्माण और उन्नयन केंद्र की कार्यक्षमता और प्रतिभागियों के अनुभव को काफी हद तक बेहतर बना देगा। यहाँ इन प्रमुख विकास कार्यों की समीक्षा और उनके लाभों का संक्षिप्त वर्णन है:

### प्रशासनिक भवन



प्रशिक्षण/एडवेन्चर केंद्र के प्रशासनिक कार्यों के लिए एक व्यवस्थित और केंद्रीय स्थान प्रदान करेगा, जिससे प्रबंधन और दस्तावेजीकरण में सुविधा होगी।

### किचन ब्लाक



भोजन की गुणवत्ता और वितरण को व्यवस्थित और सुधारने में मदद करेगा, जिससे सभी प्रतिभागियों को पौष्टिक और स्वच्छ भोजन मिलेगा।

### मल्टीपर्पस ब्लाक/डायनिंग हाल



विभिन्न गतिविधियों, बैठकों लिए एक सुविधाजनक स्थान होगा, जो सामुदायिक और सामाजिक गतिविधियों के लिए भी उपयोगी होगा।

### हास्टल ब्लाक



प्रतिभागियों के आरामदायक और सुरक्षित आवास की व्यवस्था करेगा, जिससे उनकी समग्र सुविधा और संतोष में सुधार होगा।

### बालक एवं बालिकाओं हेतु प्रथक प्रथक ट्वायलेट्स ब्लाक



स्वच्छता और व्यक्तिगत गोपनीयता की गारंटी देगा, जिससे सुविधाओं का उपयोग और प्रबंधन अधिक सहज होगा।

### बाउंडरी वाल



परिसर की सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करेगा, बाहरी तत्वों से सुरक्षा प्रदान करेगा।

### केयर टेकर ब्लाक



देखभाल करने वाले स्टाफ के लिए आवास सुनिश्चित करेगा, जिससे वे अधिक प्रभावी तरीके से केंद्र की देखभाल कर सकेंगे।

### 24 घंटे बिजली की अनवरत आपूर्ति हेतु जनरेटर




बिजली की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करेगा, जिससे सभी गतिविधियाँ और सुविधाएँ बिना रुकावट के चलती रहेंगी।

### फर्नीचर और भौतिक सविधाओं का विकास



कार्यक्षेत्र और आवास के लिए आवश्यक फर्नीचर और सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा, जिससे सुविधाओं में वृद्धि होगी।




प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र शीतलाखेत को विश्व स्तरीय Adventure Centre बनाने के लिए उच्च गुणवत्ता के Adventure Base का निर्माण कराया गया है|

विडियो देखने के लिए QR कोड स्कैन करे

# High Rope Activities

RUSSIAN WALL



NET BRIDGE



SINGLE LADDERS CROSSING BRIDGE



LOG HANGING



FLYING TYRE CROSSING



VALLEY CROSSING



HORIZONTAL TYRE BRIDGE



LOOP HANG CROSSING



BURMA BRIDGE



SKY CYCLING



ZIP LINE



ARTIFICAL WALL CLIMBING/ RAPPEALING



LOG BALANCING



MONKEY CRAWAL



ZIG ZAG PLANK WALKING



COMMANDO BRIDGE



BALANCING ON TIGHT ROPE



HANGING HORIZONTAL LADDER



VERTICAL ROPE LADDER



TARZAN SWING



TYRE WALL



TYRE CHIMNEY



NET CRAWLING



SLOTH WALK



GROUND TYRE JUMP




TYRE TUNNEL



ARCHERY



SHOOTING
(AIR PISTOL/RIFFLE)



BALANCING BEAM



TIGHT ROPE WALK



एक झलक ...

# प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज





प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज – एडवेन्चर बेस















## जनपदीय कार्यक्रम

## मण्डल – लखनऊ

### जनपद – लखनऊ

जिला संस्था लखनऊ के तत्वाधान भारत में स्काउटिंग के जनक पं0 श्री राम बाजपेई के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 11 आगस्त 2024 को क्वीस इण्टर कालेज कैम्पस में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला संस्था की उपाध्यक्ष एवं पयिनियर माण्टेसरी इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या शर्मिला सिंह, जिला कमिश्नर गाइड एवं शशि भूषण बालिका इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या संगीता अग्रवाल, जिला सचिव अनिल शर्मा एवं सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर लखनऊ मण्डल पूनम सिन्धू, जिला कोषाध्यक्ष एवं जवाहर लाल नेहरू इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा की उपस्थिति रही। सर्वधर्म प्रार्थना सभा में विभिन्न विद्यालयों के स्काउट/गाइड/रोवर/रेजर के साथ स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन ने प्रतिभाग किया। प्रार्थना सभा का संचालन जिला संगठन कमिश्नर गाइड मधु हंसपाल ने किया। जिला सचिव अनिल शर्मा ने सर्वधर्म प्रार्थना सभा में उपस्थिति समस्त स्काउट/गाइड/रोवर/रेजर/स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए भारत में स्काउटिंग में पं0 श्री राम बाजपेई के योगदान पर प्रकाश डाला।



### जनपद – हरदोई

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद हरदोई के तत्वाधान में जिलाधिकारी श्री मंगला प्रसाद सिंह के आदेशानुसार और जिला विद्यालय निरीक्षक श्री बालमुकुंद प्रसाद के दिशा निर्देशन में 326 स्काउट-गाइड के वॉलिंटियर्स द्वारा जनपद के विभिन्न मतदान केंद्रों पर दिव्यांग एवं आसक्त मतदाताओं को मतदान में सहयोग प्रदान किया । ए०एस०वी०वी० इंटर कॉलेज हरदोई में शैलेश प्रकाश, प्रभाकर गौतम, जूनियर हाई स्कूल आटवा असगांव में नीरज कुमार, प्राथमिक विद्यालय खजुराहरा में चिराग शुक्ला, जूनियर हाई स्कूल खजुराहरा में अर्पित कश्यप, अनुपमा, दिव्या आदि ने अपना सहयोग प्रदान किया । तथा जिला सचिव डॉ० राजेश तिवारी एवं जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) रमेश वर्मा के नेतृत्व में इस कार्य को पूर्ण किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी हरदोई एवं जनपद के समस्त पत्रकार बंधुओ द्वारा स्काउट गाइड के वॉलिंटियर्स के इस सेवा कार्य की बहुत सराहना की गई।





### जनपद – उन्नाव

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद उन्नाव के तत्वाधान में जिला मुख्यायुक्त एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रेम प्रकाश मीणा, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) पूनम संधू,जिला कोषाध्यक्ष सुश्री पूजा कुमारी कनौजिया ने आगामी कार्यकारिणी बैठक के एजेंडा बिंदुओं पर वार्तालाप करते हुए विचार विमर्श किया। जनपद की प्रगति आख्या एवं इस वर्ष बाल्य एवं व्यस्क कार्यक्रमों का वार्षिक प्रस्तावित कार्यक्रम के साथ ऑडिट रिपोर्ट तथा स्काउट भवन की जीर्ण शीर्ण अवस्था को मरम्मत करने के निर्देश भी उनके द्वारा प्रदान किए गए। इसी संबंध में आने वाले समय में परिषद को लेकर जिलाधिकारी महोदय से भी वार्तालाप की गई। उन्होंने परिषद में स्वयं उपस्थित रहने की तथा संस्था को आगे बढ़ाने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। उनके द्वारा जनपद में आयोजित कार्यक्रम "बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ" के अंतर्गत बेसिक संवर्ग की गाइड्स को रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता में पुरस्कृत करने हेतु कार्यक्रम में सम्मिलित पदाधिकारी को भी आमंत्रित किया।



## जनपद – लखीमपुर खीरी




जिला संस्था लखीमपुर खीरी के द्वारा जिला परिषद की बैठक विकास भवन सभागार, लखीमपुर खीरी में दिनांक 29 अगस्त 2024 को मुख्य विकास अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में संपन्न कराई गई। जिसमें जनपद के समस्त परिषद के सदस्य उपस्थित रहे। तथा प्रादेशिक परिषद की बैठक में एजेंडा बिंदु के अनुक्रम में जनपद में होने वाले वाले कार्यक्रम और व्यस्क प्रशिक्षण कार्यक्रम, बिगनर्स कोर्स, बेसिक कोर्स इत्यादि पर चर्चा हुई। बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता और सर्वोत्तम कैडेट रैली और जनपद से सर्वोत्तम जनपद पुरस्कार योजना के अंतर्गत प्रतिभागिता को लेकर सभी प्रतिभागी सूची सुनिश्चित करें। सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) पूनम संधू ने सदस्यों को संबोधित करते हुये प्रेरित किया। जिला विद्यालय निरीक्षक श्री महेंद्र प्रताप सिंह ने जनपद में होने वाली समस्त गतिविधियों को कराने तथा छात्र-छात्राओं को स्काउटिंग/गाइडिंग में पंजीकरण कराते हुए मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक रूप से बच्चों को शिक्षा के साथ - साथ आगे बढ़ाने पर जोर दिया और अंत में जिला सचिव ने समस्त सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## जनपद – रायबरेली

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के प्रादेशिक मुख्यायुक्त महोदय डॉ० प्रभात कुमार जी के निर्देशन में लखनऊ मंडल के जनपद रायबरेली में जिला मुख्यायुक्त के पद पर नवनियुक्त मुख्य विकास अधिकारी श्री अर्पित उपाध्याय को जनपद का जिला मुख्यायुक्त का अधिकार पत्र प्रस्तुत कराये जाने के निर्देश प्राप्त हुआ | जिसके अनुपालन में जनपद के जिला सचिव श्री शत्रुघ्न जी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को पुष्प भेंट करते हुए स्वागत अभिनंदन किया तथा जिला कोषाध्यक्ष श्री दिनेश कुमार त्रिवेदी ने संस्था का स्कार्फ पहनाते हुए उनका अभिवादन किया। तत्पश्चात प्रदेश मुख्यालय द्वारा निर्गत अधिकार पत्र एवं प्रदेश मुख्यालय की नियमावली सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) पूनम संधू द्वारा प्रदान की गई। और जनपद में स्काउट गाइड गतिविधियों को सुचारू रूप से क्रियान्वयन किए जाने हेतु जिला कार्यकारिणी की बैठक का अनुरोध किया। समस्त गतिविधियों को एजेंडा बिंदु में शामिल करते हुए प्रस्तुत करने के लिए जिला सचिव को सम्बोधित किया। इस अवसर पर जिला संस्था से लीडर ट्रेनर गाइड श्रीमती अनीशा तनवीर, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) श्रीमती मोहिता एवं लीडर ट्रेनर स्काउट श्रीराम यादव उपस्थित रहे।



## मण्डल – मिर्जापुर

## जनपद – सोनभद्र





भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद सोनभद्र के तत्वाधान में बिगिनर्स कोर्स श्री रामकेष इंटर कॉलेज पूरना सोनभद्र में संपन्न हुआ | जिसमें 58 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया| इस शिविर का संचालन राजेश कुमार प्रजापति सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) विंध्याचल मंडल ने किया शिविर में श्री अनवर हुसैन जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट), श्री सुनील कुमार सिंह जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) ने सहयोग प्रदान किया। शिविर जिला मुख्यायुक्त श्री प्रबोध कुमार सिंह जी के संयोजन में संपन्न हुआ |मुख्य अतिथि के रूप में श्री के०पी० मौर्य जी ने सभी प्रतिभागियों को अपना आशीर्वचन प्रदान किया।

## जनपद – भदोही

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद भदोही के तत्वाधान में विभूति नारायण राजकीय इंटर कॉलेज ज्ञानपुर में प्रधानाचार्य कार्यशाला एवं बिगनर्स कोर्स कार्यक्रम का आयोजन हुआ । इस अवसर पर जनपद के जिला आयुक्त (एडल्ट रिसोर्स) एवं प्रधानाचार्य परिषद जिला अध्यक्ष श्री अजय कुमार पांडेय जी ने सभी का स्वागत किया एवं कार्यक्रम संयोजक एवं अध्यक्षता कर रहे प्रधानाचार्य विभूति नारायण राजकीय इंटर कॉलेज ज्ञानपुर ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट गाइड कार्यक्रम से छात्रों में राष्ट्र की भावना समाहित होती है । इसलिए यह प्रत्येक विद्यालय में संचालित होना चाहिए। शिविर का संचालन राजेश कुमार प्रजापति सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) मंडल मिर्जापुर ने किया और इसमें प्रमुख रूप से सहयोग श्री चंद्रेश कुमार राय जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट), श्री ऋतुराज श्रीवास्तव जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) ,श्री विजय कुमार त्यागी काउंसलर, श्री नागेश प्रजापति इत्यादि ने अपना सहयोग प्रदान किया शिविर में कुल 13 विद्यालयों के सम्मानित प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या उपस्थित रहे ।



## जनपद –मिर्ज़ापुर



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद मिर्ज़ापुर के तत्वाधान में वनस्थली महाविद्यालय अहरौरा में बेसिक कोर्स फॉर स्काउट मास्टर /गाइड कैप्टन शिविर का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के प्राचार्य डॉ० देवी प्रसाद सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पूजन अर्चन कर शुभारंभ किया गया । जिसमें मुख्य रूप से सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट)/ शिविर संचालक श्री राजेश कुमार प्रजापति और गाइड विंग शिविर संचालक श्रीमती सत्यमबदा सिंह काउंसलर के रूप में राघवेंद्र कुमार शुक्ला, संजय कुमार, सर्वेश कुमार सिंह, श्रीमती संगीता विश्वकर्मा, सकीना खातून, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) कुलदीप कुमार शुक्ला रहें ।



## मण्डल – चित्रकूट

### जनपद – चित्रकूट

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद चित्रकूट के तत्वाधान में दिनांक 13 सितंबर 2024 को श्री गंगा प्रसाद जनसेवा इ०का०कर्वी चित्रकूट के सभागार में स्काउटर गाइडर संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें 50 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया । स्काउट प्रार्थना के उपरांतचित्रकूट इ०का०कर्वी के राज्य पुरस्कार प्राप्त स्काउट मास्टर श्री लालमन को सम्मानित किया गया ।



तत्पश्चात संगठन के विस्तार व जनपद के प्रत्येक विद्यालय में स्काउट गाइड बच्चों के प्रवेश, प्रथम व द्वितीय सोपान प्रशिक्षण एवं जांच शिविरों के आयोजन पर विचार किया गया। बी०एस०जी० ज्ञान प्रतियोगिता, सर्वोत्तम कैडेट प्रतियोगिता में अधिक से अधिक पंजीकरण पर भी विचार किया गया। इस अवसर पर जिला स्काउट मास्टर दयानंद सिंह, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) मोहनलाल दीन, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) प्रेमचंद सहित बद्रीनारायण कुशवाहा, अनिल कुमार सिंह, छेदी लाल सोनकर, सुरेश चंद्र, रामराज सिंह, राजकुमार सिंह, शैलेंद्रसिंह, मनीषकांत पटेल, डॉ० दीपिका बरनवाल, चंद्रभागा, शालिनी देवी, गुड़िया देवी, सुशील कुमार, विजयभान सिंह, डॉ०विनोदकुमार, दिनेशसिंह, ललित, जानकीशरण, आशीष साहू आदि उपस्थित रहे।

## जनपद – बाँदा

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद बाँदा के तत्वाधान में जिला कार्यकारिणी की बैठक दिनांक 11 अगस्त 2024 को स्काउट भवन बांदा में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला विद्यालय निरीक्षक /मुख्यायुक्त श्री विजय पाल सिंह जी ने की सर्वप्रथम स्काउट/गाइड प्रार्थना से बैठक की शुरुआत की। बैठक में नवीनीकरण, पंजीकरण, अंशदान, प्रथम सोपान, द्वितीय सोपान, तृतीय सोपान, जांच शिविर का आयोजन बी.एस.जी. ज्ञान प्रतियोगिता, महाविद्यालयो में पंजीकरण, नवीनीकरण एवं परिचयात्मक शिविर, सर्वोत्तम कैडेट रैली, बेसिक/एडवांस स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन कोर्स, जिला रैली, प्रधानाचार्य कार्यशाला आदि सहित सभी प्रस्ताव पारित किए गए | बैठक में मेजर मिथलेश कुमार पाण्डेय, जिला आयुक्त (स्काउट), श्री शिव प्रताप सिंह पाल सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) चित्रकूट धाम मंडल, सरोज मिश्रा, जिला सचिव, अशोक कुमार, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट), अरुण कुमार अग्रहरि जिला



संगठन आयुक्त (स्काउट), स्मिता द्विवेदी जिला संगठन आयुक्त (गाइड), सुधा सिंह राजपूत जिला आयुक्त (बुलबुल), रविशंकर गुप्त, ट्रेनिंग काउंसलर, कुलदीप श्रीवास, सहायक आई०टी० समन्वयक, रामप्रताप सिंह परिहार, जिला कोषाध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

## जनपद – महोबा

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद महोबा के तत्वाधान में दिनांक 16 अगस्त 2024 को जिला कार्यकारिणी की बैठक श्री गिरधारी लाल कोली, जिला मुख्यायुक्त / जिला विद्यालय निरीक्षक, महोबा के निर्देशन में आयोजित हुई। बैठक में श्रीमती सरगम खरे जिला आयुक्त गाइड/ प्रधानाचार्य पी०एम० श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा की उपस्थिति में



संपन्न हुई।बैठक में श्री शिव प्रताप सिंह सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त स्काउट चित्रकूट धाम मंडल एवं झांसी मंडल का भी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक में पंजीकरण-नवीनीकरण, 15% अंशदान, जनपदीय रैली स्काउट-गाइड, स्काउट-गाइड प्रगतिशील प्रशिक्षण, बेसिक स्काउट मास्टर (गाइड) कैप्टन कोर्स, बिगनर्स कोर्स, बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता 2024-25, सर्वोत्तम कैडेट रैली, राज्य पुरस्कार आवेदन, प्रवेश एवं निपुण रोवर-रेंजर एवं जिला कार्यकारिणी के कुछ पदों पर पुनः विचार आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई। उक्त बैठक में आए हुए सभी पदाधिकारियों का जिला सचिव, श्री गया प्रसाद त्यागी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक का संचालन जयप्रकाश दक्ष, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) महोबा ने किया। बैठक में श्री प्रेमचंद अनुरागी, श्री बृजपाल कुटार, श्री के०के०दिनकर, श्रीमती वंदना गुप्ता, श्रीमती अनुराधा, श्रीमती कौशल्या श्रीवास, श्री शिवपाल, श्री बाबूलाल कुशवाहा,श्री रामनरेश पाल, अंजू प्रजापति, साधना, पिंकी सेन, सपना अनुरागी, विजय बहादुर सिंह, आसाराम आदि उपस्थित रहे।

## मण्डल – बरेली

### जनपद – शाहजहांपुर







भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद शाहजहांपुर के तत्वाधान में जिला स्काउट गाइड कैंपस रोटी गोदाम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदया श्रीमती दिव्या गुप्ता जी की अध्यक्षता में ब्लॉक स्काउट मास्टर ब्लॉक गाइड कैप्टन एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की गाइड कैप्टन एवं खेल शिक्षको की बैठक आयोजित की गई, बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती जी की चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया इसके उपरांत सुश्री निकहत परवीन, जिला स्काउट मास्टर/ जिला प्रशिक्षण आयुक्त एवं सुश्री दर्पिंदर कौर जिला गाइड कैप्टन द्वारा स्काउट गाइड प्रार्थना कराई गई । बैठक में श्री नागेंद्र सिंह खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन का परिचय प्राप्त किया गया । जिला समन्वयक बालिका शिक्षा श्री शेखर गुप्ता जी द्वारा खेलकूद की गतिविधियों से संबंधित जानकारी दी गई जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय द्वारा सभी विद्यालयों में स्काउट दल एवं कंपनियों के गठन पर जोर दिया गया । प्रथम सोपान, द्वितीय सोपान, एवं तृतीय सोपान कराए जाने के निर्देश दिए गए, सर्वोत्तम कैडेट रैली में सभी प्रतिभागी अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करे, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में स्काउट गाइड के साथ खेलकूद की गतिविधियां टीम बनाकर की जाए इसके उपरांत आदरणीय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय द्वारा स्काउट गाइड के साथ स्वच्छता का संदेश भी दिया गया स्वच्छता का संदेश देते हुए खंड शिक्षा अधिकारी नगर एवं जिला समन्वयक महोदय के साथ गुब्बारे उड़ाए गए और स्वच्छता स्लोगन भी लगाए गए इस अवसर पर ब्लॉक स्काउट मास्टर श्री अनंत बाजपेई, श्री विजयपाल, श्री शरद, श्री सुशील सक्सेना, श्री इमरान, श्री अंकित कश्यप, ब्लॉक गाइड कैप्टन श्रीमती शैलजा गुप्ता, श्रीमती अर्चना जौहरी, श्रीमती रूफिया खा, श्रीमती धूप शर्मा, श्रीमती गजाला, एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की समस्त गाइड कैप्टन खेल शिक्षक उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन जिला गाइड कैप्टन द्वारा किया गया जिला स्काउट मास्टर द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया|

### जनपद – पीलीभीत



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद पीलीभीत के तत्वाधान में दिनाँक 20 अगस्त 2024 को जिला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन गांधी सभागार पीलीभीत में संपन्न हुआ । बैठक की अध्यक्षता सिटी मजिस्ट्रेट/मुख्यायक्त विजय वर्धन तोमर ने किया। बैठक का शुभारंभ प्रार्थना के साथ हुआ, बैठक मे जिला संगठन आयुक्त गाइड शालिनी पांडे द्वारा गत वर्ष की कारवाई सुनाई गई। जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट सचिन सक्सेना द्वारा 2024-25 में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को अवगत कराया। जिला सचिव संतोष कुमार द्वारा बैठक मे वर्ष 2023-24 आय-व्यय का ब्यौरा अवगत कराया गया। जिला आयुक्त स्काउट डॉ० महेश बाबू द्वारा सदन मे ट्रेनिंग काउंसलर, प्रशिक्षक चयन व मानदेय पर चर्चा की। सदन में जिला स्काउट मास्टर बेसिक वीर सिंह गंगवार द्वारा स्काउट भवन परिसर के बाहर सौन्दर्यीकरण व स्काउट भवन परिसर में द्वितीय तल के निर्माण पर विचार विमर्श किया गया। बैठक मे जिला कोषाध्यक्ष रमाकांत शर्मा, जिला सचिव संतोष कुमार, जिला स्काउट मास्टर बेसिक वीर सिंह जिला गाइड कैप्टेन बेसिक परिणीता सिन्हा, जिला सह सचिव शिवम कश्यप, सचिन सक्सेना दरख्शा अजहर, नरेश चंद्र शुक्ला, जाहिदा खातून, कमल मोहन पांडे, आदि उपस्थित रहे।

## जनपद – बदायूं

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद बदायूं के तत्वाधान में स्काउट भवन प्रशिक्षण केंद्र पर शिक्षक शिक्षकों को सम्मानित किया गया, बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि स्काउट संस्था के प्रादेशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला मुख्यायुक्त महेश चंद्र सक्सेना ने भारत रत्न डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिक्षक राष्ट्र निर्माता में जो बच्चों को श्रेष्ठ संस्कार देकर समाज को सही दिशा दिखाते हैं। सम्मान समारोह में विशिष्ट अतिथि राष्ट्रपति शिक्षक सम्मान प्राप्त मोहम्मद असरार, शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन के प्रादेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह राज्य



पुरस्कार प्राप्त शिक्षक मनीष कुमार, अनुज सक्सेना, सुधा मिश्रा, चंद्रमुखी, महालक्ष्मी, सुनीता यादव के अलावा राजकीय महाविद्यालय के डॉ० नीरज कुमार, डॉ० हुकुम सिंह को सम्मानित किया गया। इस मौके पर नंदराम शाक्य, पूर्वी सक्सेना आदि मौजूद रहे। संचालक संजीव कुमार शर्मा ने किया।

# मण्डल – आगरा

## जनपद – आगरा

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद आगरा के तत्वाधान में दिनांक 09 अगस्त 2024 दिन शुक्रवार को जिला संस्था आगरा कार्यकारिणी की बैठक दोपहर 12:30 बजे जिला मुख्यायुक्त डॉ० अनिल वशिष्ठ जी की अध्यक्षता में एम०डी०जैन इंटर कॉलेज हरी पर्वत आगरा में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ सरस्वती मां पर माल्यार्पण से किया। बैठक में जिला सचिव श्रीमती रेनू भारद्वाज ने वार्षिक कार्यक्रम, वार्षिक बजट वर्ष 2024-25 का अनुमानित आय व्यय, पिछले वर्ष 2023-24 का आय व्यय प्रस्तुत किया। इसे सदन ने सर्व सम्मति से पारित किया। जिला विद्यालय निरीक्षक श्री मानवेंद्र जी ने अपने उद्बोधन में आश्वासन दिया कि जहां-जहां उनके सहयोग की आवश्यकता होगी वह पूर्ण रूप से अपना सहयोग जिला संस्था को देंगे। कार्यकारिणी की बैठक में जिले के समस्त पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।




## जनपद – मैनपुरी



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद मैनपुरी के तत्वाधान में जिला कार्यकारिणी की वार्षिक बैठक स्काउट भवन पर संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत भारत स्काउट गाइड प्रार्थना से शुरू हुई इसके बाद सभी उपस्थित पदाधिकारी एवं सदस्यों ने अपना परिचय दिया। उसके बाद सभा द्वारा गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई। जिला सचिव डॉ० दिनेश कुमार ने वर्ष 2023-24 की वार्षिक आख्या एवं कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह राठौर द्वारा वार्षिक आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया, संस्था के मुख्यायुक्त डॉ० ए०के० सिंह राठौर ने परिसर के शौचालय के पुनरुद्धार की बात कहीं। संस्था के पूर्व अध्यक्ष श्री हर प्रसाद ने समान शिक्षा की बात कहीं जिससे सबका उत्थान संभव हो। सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त आगरा मंडल प्रीति कुमारी ने सभा के समक्ष संस्था के आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। जिला संगठन आयुक्त सुनील कुमार सिंह को हिमालय वुड बैज का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

## जनपद – मथुरा




भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद मथुरा के तत्वाधान में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर स्काउट गाइड ने सेवा कार्य किया। मथुरा के जिला मुख्यायुक्त डॉ० कमल कौशिक जी के दिशा निर्देशन में प्रति वर्ष की भांति भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर सेवा कार्य किया गया। इस अवसर पर जिला संस्था के पदाधिकारियों व विभिन्न स्काउट गाइड की यूनिट के बच्चों के द्वारा पुलिस प्रशासन के साथ श्री कृष्ण जन्मभूमि के गेट नम्बर एक, दो व तीन पर दूर दराज से आये सभी श्रद्धालुओं का उचित मार्गदर्शन कर सेवा कार्य किया, सभी श्रद्धालुओं को परेशानी से निजात दिलाने के लिए कतारबद्ध कर दर्शन कराने में सहयोग प्रदान किया। भूले भटके लोगों को उनके गंतव्य स्थान तक पहुंचाया गया। भारी भीड़ के मध्य सभी स्काउट गाइड के पदाधिकारियों व बच्चों ने श्रद्धालुओं की सेवा के लिए बढ़ चढ़ कर भाग लिया। स्थानीय जिला प्रशासन द्वारा स्काउट गाइड द्वारा किए गए सेवा कार्य की सराहना की। सेवा कार्य शिविर में जिला आयुक्त स्काउट निखिल अग्रवाल, जिला सचिव जोगेन्द्र सिंह, लीडर ट्रेनर स्काउट अशोक कुमार सोलंकी, सहायक लीडर ट्रेनर स्काउट मनोज कुमार रावत, जिला संगठन आयुक्त गाइड गुरुप्यारी सत्संगी, स्काउट मास्टर गुंजन चौबे, राजीव सोनी, मुबीन, अजय, राहुल कुमार, संदीप गोला, विक्रम, कृष्णा, पवन, धर्मेश, मोहित, वैष्णव, देव छौंकर, शिवा, उमेश, दीपक, कार्तिकेय, अमित,राहुल सिंह, अंशु छौंकर, समीर आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

## जनपद –फिरोजाबाद



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद फिरोजाबाद के तत्वाधान में जिला सचिव डॉ० सहदेव सिंह चौहान जी के निर्देशन में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में भारत स्काउट गाइड जनपद फिरोजाबाद के स्काउट ने प्रतिभाग किया, विभिन्न विद्यालयों के स्काउट पाली इंटर कॉलेज शिकोहाबाद, एल०आर०इंटर कॉलेज जसराना, एस०आर०के० इंटर कॉलेज फिरोजाबाद, पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुड़ी, उच्च प्राथमिक विद्यालय गढ़िया, शिकोहाबाद ओपन यूनिट के स्काउट ने प्रतिभाग किया, आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम में जिला अधिकारी फिरोजाबाद, मुख्य विकास अधिकारी फिरोजाबाद, जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद के द्वारा स्काउट गाइड्स के कार्यक्रम की सराहना की गई | इस कार्यक्रम में जिला संगठन आयुक्त आयुक्त आनंद बाबू, विनीत सिंह, भास्कर आर्य, मुकेश कुमार पिथौरा, के साथ-साथ अन्य यूनिट लीडर्स ने भी प्रतिभाग किया

## मण्डल – अलीगढ़

## जनपद – हाथरस




भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद हाथरस के तत्वाधान में जनता इन्टर कॉलेज बरसौली, हाथरस में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्य पुरस्कार जांच शिविर में पास होने पर मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख हसायन श्री ठा० धर्मेंद्र पाल सिंह (पीलू भईया), प्रधानाचार्य श्री अजय बाबू शर्मा व यूनिट लीडर श्री मुन्नालाल, श्री रुपेश कुमार गौतम, श्री सत्यप्रकाश द्वारा गगन कुमार को सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा । तथा सभी ने गगन कुमार के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## जनपद – अलीगढ़

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद अलीगढ के तत्वाधान में श्री महेश्वर गर्ल्स इण्टर कॉलेज अलीगढ़ में एक दिवसीय स्काउटर एंव गाइडर जनपदीय संगोष्ठी एंव कार्यशाला सम्पन्न हुई जिसमें जनपद के माध्यमिक व सीबीएसई विद्यालयों एवं स्वतंत्र दलों के यूनिट लीडर्स शामिल हुए। सर्वप्रथम स्काउट प्रार्थना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। मुख्य अतिथि सह जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार जी ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यपर्ण व दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ किया। इसके बाद श्री महेश्वर गर्ल्स इण्टर कॉलेज अलीगढ़ की गाइड छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एंव स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में पधारें हुए अतिथियों एंव पदाधिकारीयों को स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि सह जिला विद्यालय निरीक्षक श्री मनोज कुमार जी नें आयोजन पर प्रसन्नताव्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए स्काउट्स गाइड्स की महत्वपूर्ण भूमिका होती है आज के स्काउट्स गाइड्स कल के अग्निवीर होंगे बच्चों के विकास में नियमों और अनुशासन का महत्वपूर्ण स्थान होता है जोकि स्काउट्स गाइड्स के रूप में बच्चे सीखते हैं। हर विकट परिस्थिति में स्काउट-गाइड अपनी सेवाओं द्वारा सक्रिय भूमिका अदा करते हैं और स्काउटिंग के माध्यम से छात्र-छात्राओं में अनुशासन, नेतृत्व की भावना, समाज में सेवा भाव, देशभक्ति की भावना का विकास होता है हमें स्काउट-गाइड की गतिविधियों को जनपद के समस्त विद्यालयों में संचालित करनें की दिशा में कार्य करना है।



## मण्डल – देवीपाटन

## जनपद – गोंडा



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद गोंडा के तत्वाधान में एक दिवसीय प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या की कार्यशाला स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज गोंडा में संपन्न हुआ। कार्यशाला जिला मुख्यालय एवं जिला विद्यालय निरीक्षक गोंडा डॉ० रामचंद्र के निर्देश में और सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त देवीपाटन मंडल राकेश सैनी के नेतृत्व में एवं जिला संगठन आयुक्त ज्ञानेश गुप्ता के संचालन में संपन्न हुआ कार्यशाला के माध्यम से स्काउटिंग गाइडिंग की वार्षिक कैलेंडर की जानकारी, पंजीकरण, नवीनीकरण, अंशदान, प्रशिक्षण कार्य योजना, बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता, सर्वोत्तम कैडेट रैली, आदि विषयों की जानकारी दी गई। कार्यशाला में जनपद के 47 प्रधानाचार्यो ने भाग लिया

## मण्डल – प्रयागराज

## जनपद – प्रयागराज

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद प्रयागराज के तत्वाधान में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह मुख्यायुक्त मुख्य विकास अधिकारी श्री गौरव कुमार महोदय के निर्देशन में जिला आयुक्त (स्काउट), जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री प्रवीण कुमार तिवारी



जिला विद्यालय निरीक्षक /उपाध्यक्ष के समन्वय से शहीद स्मृति साइकिल यात्रा दिनांक 9 अगस्त 2024 को प्रातः 9:00 बजे सुभाष चंद्र बोस चौराहे से सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त स्काउट प्रयागराज मंडल प्रयागराज एवं जिला सचिव प्रयागराज की उपस्थिति के साथ ही श्री फिरोज आलम जिला स्काउट मास्टर एवं श्रीमती प्रवीण सिंह जिला गाइड कैप्टन के निर्देशन में आरंभ होकर सिविल लाइन होते हुए चंद्रशेखर आजाद पार्क गेट नंबर 3 तक सिंहनाद बोलते हुए नारे लगाते हुए गीत गाते हुए पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ जनपद के स्काउट मास्टर /गाइड कैप्टन, स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर द्वारा प्रतिभागिता की गई।

## मण्डल – कानपुर

### जनपद – कानपुर नगर



भारत स्काउट गाइड, उत्तर प्रदेश, की नवीन जिला संस्था छत्रपति शाहूजी महाराज कानपुर की जिला कार्यकारिणी की बैठक दिनांक 30.7.2024 विश्वविद्यालय के सीनेट हाल में संपन्न हुई, बैठक की अध्यक्षता जिला मुख्यायुक्त डॉ० मुकेश कुमार सिंह ने किया, बैठक में माननीय कुल सचिव पदेन समिति के सचिव डॉ० अनिल कुमार यादव व वित्त अधिकारी पदेन कोषाध्यक्ष डॉ० अशोक कुमार त्रिपाठी के द्वारा कार्यकारिणी के सदस्यों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और उन्होंने कहा बी.एड. जैसे स्पेशल इंट्रोडक्टरी कोर्स के लिए हम इस विषय को अपनी इंटरनल कमेटी में प्राथमिकता से पारित करेंगें। तथा विश्वविद्यालय समागम से लेकर प्रदेश समागम तक आगामी वर्षों में विश्वविद्यालय रोवर रेंजर्स टीम को प्रतिभाग करने में किसी प्रकार की वित्त की बाधा को नहीं आने देंगे। उन्होंने सर्वप्रथम प्रत्येक महाविद्यालय से प्रभारी के प्रशिक्षण पर भी जोर दिया ताकि उन्हें जानकारी हों तभी महाविद्यालय में रोवर रेंजर्स की गतिविधियों को बढ़ चढ़कर कराया जा सकेगा। बैठक में अनिवार्य रूप से ₹50 प्रत्येक छात्र-छात्राओं से लेने और ₹25 विश्वविद्यालय तथा ₹15 प्रादेशिक मुख्यालय भेजें जाने पर भी चर्चा हुई। बैठक में प्रादेशिक मुख्यालय से दिए गए संगठन व प्रशिक्षण विभाग के वार्षिक लक्ष्य को विस्तार पूर्वक सदस्यों में चर्चा व बैठक का संचालन सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त कानपुर मंडल कानपुर ने किया। बैठक में नवनियुक्त जिला संगठन रोवर श्री प्रदीप कुमार त्यागी वह जिला संगठन आयुक्त रेंजर श्रीमती अंजना सिंह तथा कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### जनपद – इटावा





भारत स्काउट गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद इटावा के तत्वाधान में 10 अगस्त 2024 को हर वर्ष की भांति इटावा सफारी पार्क में विश्व दिवस के अवसर पर एक जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष विश्व लायन दिवस की थीम विश्व शांति एवं पर्यावरणीय संरक्षणवाद" रही। इस मौके पर उच्च प्राथमिक विद्यालय बाहुरी, बढ़पुरा, प्राथमिक विद्यालय नगला भग बढ़पुरा, कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय बौराइन, सैफई के स्काउट/गाइड एवं छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस मौके पर सफारी पार्क के निदेशक डॉ० अनिल कुमार पटेल द्वारा बब्बर शेरों से जुड़े हुये अनसुने तथ्यों को विस्तारपूर्वक बताया गया। इसके साथ ही डॉ० आर०के० सिंह, वन्यजीव चिकित्सा विषेषज्ञ ने बब्बर शेरों के व्यवहार एवं प्रकृति के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। उक्त के अतिरिक्त बी० एन० सिंह, बायोलाजिस्ट एवं डॉ० रोबिन सिंह यादव, पशु चिकित्सक ने अपने उद्गार व्यक्त किये। विश्व लायन दिवस के अवसर पर 'बब्बर शेरों का रोमांचक संसार' शीर्षक पुस्तक का विमोचन भी किया गया यह पुस्तक बब्बर शेरों की सत्य घटना पर आधारित है। इस अवसर पर बीते वर्ष 2022 में जन्मे बब्बर शेर "विश्वा" का द्वितीय जन्म दिवस स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ मनाया गया। बब्बर शेर विश्वा इटावा सफारी पार्क के नर शेर कान्हा एवं दिवंगत शेरनी जेनिफर की संतान है। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त छात्र-छात्राओं को सफारी का भ्रमण भी कराया गया। उक्त कार्यक्रम की जानकारी डॉ० विनय कुमार सिंह उप निदेशक इटावा सफारी पार्क, इटावा ने दी।

## जनपद – फरुखाबाद

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद फरुखाबाद के तत्वाधान में दिनांक 28.8.2024 को जिला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज फतेहगढ़ के सभागार में किया गया जिसमें फरुखाबाद के संस्था पदाधिकारी एवं सक्रिय सदस्यों ने प्रतिभा किया कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने की | बैठक का शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा लॉर्ड बेडेन पावेल और लेडी बेडेन पावेल के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर संस्था के जिला मुख्यायुक्त दिनेश कुमार वर्मा, जिला सचिव डॉ० महेश चंद्र राजपूत, जिला कोषाध्यक्ष संतोष कुमार त्रिपाठी, सहायक आयुक्त योगेश कुमार तिवारी, डॉ० बृजभूषण सिंह, एडल्ट रिसोर्स आयुक्त प्रमोद चंद्र गंगवार, जिला आयुक्त स्काउट रामदास, जिला आयुक्त गाइड श्रीमती इंदु मिश्रा, प्रधानाचार्य संतोष कटियार, जिला संगठन आयुक्त श्रीमती चमन शुक्ला, प्रधानाचार्या रिचा यादव, संगीता यादव, दीपिका राजपूत ,जिला प्रशिक्षण आयुक्त श्रीमती भारती मिश्रा, जिला आयुक्त फ्लॉक पुष्पा सिंह, श्रीमती आदेश गंगवार ,ब्लॉक स्काउट मास्टर प्रदीप यादव, राजकुमार, वैभव सोमवंशी, गौरव शाक्य, अनुराग चतुर्वेदी, पुष्कर मिश्रा, ब्लॉक गाइड कैप्टन श्रीमती बीना, हिमलेश शाक्य,ज्योति, नीरजा कश्यप, आईटी कोऑर्डिनेटर योगेश कुमार, स्काउट मास्टर गजेंद्र सिंह, तरुण शुक्ला, ध्रुव मिश्रा, पुष्पेंद्र शर्मा, रणजीत सिंह, प्रधानाचार्य रावेंद्र सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक के एजेंडा बिंदु के अनुसार सर्वप्रथम विगत सत्र 2023-24 की कार्य योजना एवं वर्तमान सत्र 2024-25 के लक्ष्य को सभी के समक्ष प्रस्तुत किया गया । बेसिक शिक्षा माध्यमिक शिक्षा और उच्च शिक्षा में इस वर्ष ब्लॉक स्तर पर समस्त अध्यापकों को एक दिवसीय चार घंटे का प्रशिक्षण देने हेतु लक्ष्य रखा गया है।



## जनपद – औरैया



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद औरैया के तत्वाधान में 22.08.2024 को जिलाधिकारी औरैया की अध्यक्षता में जिला परिषद की बैठक आहूत की गई । जिसमे प्रमुख रूप से सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) कानपुर मंडल प्रज्ञा सिंह, प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, अजीतमल श्री डी०एस० राजपूत, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री ब्रजेश कुमार, श्री कमलेश पांडे, खंड शिक्षा अधिकारी श्री उपेन्द्र जी के साथ साथ जिला परिषद के सम्मानित सदस्यों ने प्रतिभाग किया । बैठक में जिलाधिकारी महोदय के समक्ष वर्ष 2023-24 के आय व्यय संबंधी समीक्षा की । उसके पश्चात वर्ष 2024-25 का अनुमानित बजट पर चर्चा हुई एवं उस पर संस्तुति प्रदान की । बेसिक कोर्स सी.बी.एस.ई. बोर्ड एवं अन्य विद्यालय के शिक्षकों हेतु बेसिक कोर्स कब मास्टर, फ्लॉक लीडर, स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टेन के लिए चर्चा हुई एवं आवश्यक निर्देश दिए गए। जनपद स्तरीय आजीवन सदस्यता हेतु 2500 रुपए धनराशि निर्धारित की गई । डी.एल.एड प्रशिक्षण पर डायट प्राचार्य जी से समंधित कॉलेज को पत्र निर्गत करने का निर्देश प्रदान किया । बैठक में उपाध्यक्ष पर डी.पी.आर.ओ औरैया कामिनी गौतम, एडल्ट रिसोर्स पर्सन पर श्री नीरज चौधरी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) पर शुभिका का मनोनयन आदरणीय जिलाधिकारी महोदय ने किया । उक्त बैठक में जिला परिषद सदस्य के रूप में जिला आयुक्त स्काउट श्री सुनील कुमार मिश्रा, जिला आयुक्त गाइड श्रीमती अरुण कुमारी, जिला आयुक्त कब श्री अरुण त्रिपाठी, जिला आयुक्त बुलबुल अनुपमा शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष श्री अजय मिश्रा, जिला सचिव रजनीश कुमार सिंह, सहायक जिला सचिव पंकज प्रताप सिंह, संयुक्त सचिव पूनम पोरवाल, सहायक जिला आयुक्त गाइड रितु चंदेरिया, मधु, जिला संगठन आयुक्त स्काउट /गाइड ललित शर्मा एवं वंदना, जिला ट्रेनिग काउंसलर अभिषेक द्विवेदी इत्यादि सम्मलित हुए ।

# मण्डल – अयोध्या

## जनपद – अयोध्या

